# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

## मंगलवार, दिनांक 4 दिसम्बर, 2012 (अग्रहायण 13, 1934)

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.30 बजे समवेत हुई.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत ''वन्दे मातरम्'' के गायन से प्रारम्भ हुई।

### 2. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय, सर्वश्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, अजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष, रामलखन सिंह, पारस सकलेचा, गिरीश गौतम, सदस्यगण, श्री राघवजी, वित्त मंत्री तथा श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा, सदस्य द्वारा सर्वश्री विलासराव देशमुख, केन्द्रीय मंत्री, इन्द्र कुमार गुजराल, भूतपूर्व प्रधान मंत्री, काशीराम राणा, किन्जरपू येरननायडू, के.सी. पंत, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्रीगण, कन्हैयालाल यादव, भूतपूर्व उपाध्यक्ष, विधान सभा, फूलचंद वर्मा, रामपाल सिंह, ताराचन्द साहू एवं डॉ. राकेश कुमार सिंह, भूतपूर्व सदस्यगण विधान सभा, श्री के.सी. सुदर्शन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व सर संघचालक, श्री बाला साहेब ठाकरे, शिवसेना प्रमुख, डॉ. वर्गीज कुरियन, श्वेत क्रांति के जनक तथा श्री राजेश खन्ना, सुप्रसिद्ध फिल्म कलाकार एवं पूर्व सांसद के निधन पर शोकोदगार व्यक्त किये गये।

सदन द्वारा दो मिनिट मौन खड़े रहकर, दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.01 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 5 दिसम्बर, 2012 (अग्रहायण 14, 1934) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

**राजकुमार पांडे**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल :**
**दिनांक : 14 दिसम्बर, 2012**